Extension Lecture on Classic Music(07.04.2021)

सिरसा/फतेहाबाद

शास्त्रीय गायक डॉ. भूपेंद्र मल्होत्रा ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

पल पल न्यूजः सिरसा, 8 अप्रैल। इंदौर घराने के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक डॉ भूपेंद्र मल्होत्रा ने राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के मल्टीपरपज हॉल में संगीत विभाग गायन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अपनी शानदार आवाज और जादुई व प्रभावशाली शैली के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ मनजीत कौर ने बताया की भारत के प्रसिद्ध गायक डॉ भूपेंद्र मल्होत्रा को मुख्य गायक के रूप में महाविद्यालय में आमंत्रित किया गया जिसमें उन्होंने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने आहिर भैरों, विलंबित खयाल,द्रुत ख्याल, रोग तोड़ी, भजन तथा गजल के द्वारा उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप गोयल ने महाविद्यालय पहुंचने पर

मुख्य गायक डॉ भूपेंद्र मल्होत्रा का स्वागत किया व आए हुए संगीत प्रेमियों को साधुवाद दिया और कहा कि संगीत हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग है जो हमे प्रफुल्लित रखता है। प्रवक्ता डॉ रविन्द्र पुरी ने बताया कि इस अवसर पर न केवल महाविद्यालय के संगीत के विद्यार्थी बल्कि आसपास के शहरों से संगीत के प्राध्यापक, संगीतकार, गायक व विद्यार्थियों ने भी शिरकत की और इस कार्यक्रम को चार चांद लगाए। कार्यक्रम में सिरसा के प्रसिद्ध संगीतकार प्रोफेसर बक्शी को संगीत विभाग की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फतेहाबाद से डॉ सीमा शर्मा, सीएमके गर्ल्स कॉलेज से डॉ रंजना ग्रोवर, डॉ अभिलाषा शर्मा, राजकीय महिला कॉलेज सिरसा से डॉ यादविंदर सिंह, डॉ सरस्वती, नीलम सेठी मनोहर लाल,प्रसिद्ध संगीतकार तुलसी अनुपम, शिवा, अनिल, प्रवीण, कर्मवीर आदि संगीत जगत से जुड़ी हुई अनेक हस्तियों ने शिरकत की। अंत में प्रभारी डॉ मनजीत कौर ने सभी का धन्यवाद किया और विशेष रूप से एनएसएस के प्रभारी डॉ कृष्ण गोपाल, डॉ सीमा, डॉ मीत, डॉ साक्षी मेहता का धन्यवाद किया जिन के सहयोग से कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ। यह सूचना डॉ रविंद्र पुरी ने दी।

An Extension Lecture by Dr. Bupinder Malhotra(Indore Graghana) on Classic music was delivered on dated April 07,2021 in College Campus. Faculty members and students from CDLU and nearby colleges have attended this event.

Overall Incharge: Dr. Manjeet Kaur